# घबरा नहीं अब तू खड़ा मैया जी के दरबार में

घबरा नहीं अब तू खड़ा मैया जी के दरबार में।
होंगी मुरादें पूरी बन्दे तेरी सब इक बार में।

छँट जाएगी सब कालिमा, मिट जाएगा तेरा भरम,
खुशियों से घर भर जाएगा, हो जाएँगे ऐसे करम।
जग जाएगी किस्मत, बड़ा सुख पाएगा संसार में,
होंगी मुरादें पूरी बन्दे तेरी सब इकबार में।

क्यों रो रहा है पोंछ आँसू, सब्र से तू काम ले,
सचे हृदय से माँ भवानी के चरण बस थाम ले।
वो तर गये डूबे जो शेरांवालिए के प्यार में,
होंगी मुरादें पूरी बन्दे तेरी सब इकबार में।

माँ ही बचा सकती हैं जग को कलियुगी संताप से,
निर्मल करें माँ ही सभी के मन छुड़ाकर पाप से।
आ जा नहा ले भक्ति की गंगा की कलकल धार में,
होंगी मुरादें पूरी बन्दे तेरी सब इकबार में।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/730/title/ghabra-nahin-ab-tu-khada-maiya-ji-ke-darbaar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |